(100)

कार्यालय, प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सिरपुर भवन, रायपुर (छ.ग.)

आदेश क्र. प्र.अ./41209 04 /सा./2014, रायपुर, दिनांक 04/10/2015

--0--

मुख्य अभियंता लो.नि.वि. सेतु परिक्षेत्र, रायपुर द्वारा सूचित किया गया था कि मेंसर्स ब्रिजेश अग्रवाल "ब" वर्ग ठेकेदार, शारदा सदन, गायत्री मंदिर के पीछे, विनोबा नगर, तालापारा रोड, बिलासपुर द्वारा निम्नांकित कार्य अनुबंधित किया गया है :–

क्र.	संभाग का नाम	अनुबंध क्र.	कार्य का नाम	कार्यादेश तिथि	अनुबंधित अवधि	अनुबंध के अनुसार पूर्णता अवधि	टीप
1.	रायपुर संभाग	19/ डी.एल. 2012–13	सड्ढू उरकुरा मार्ग के कि.मी. 3/10 छोकरा नाला एवं कि.मी. 6/4 पर स्थित दलदल सिवनी पुल का निर्माण कार्य।	11.02.13	18 माह + 1 माह रेकण्ड अवधि सहित	10.05.15	कार्य अपूर्ण
2.	राजनांदगांव संभाग	11/ डी.एल. 2013–14	राजनांदगांव बायपास में तीन नग ओव्हरपास का निर्माण कार्य।	14.01.13	18 माह वर्षाऋतु सहित	13.08.14	कार्य अपूर्ण
3.	राजनांदगांव संभाग	17/ डी.एल. 2012–13	अगेसरा अरकार मार्ग पर खारून नदी पर उच्चस्तरीय पुल मय पहुंच मार्ग एवं ह्यूम पाईप कलवर्ट का निर्माण।	11.02.13	10 माह वर्षाऋतु छोड़कर	10.05.14	कार्य अपूर्ण
4.	राजनांदगांव संभाग	01/ डी.एल. 2013–14	भर्रेगांव–रवेली–राजनांदगांव मार्ग पर स्थित शिवनाथ नदी एवं कन्हारपुरी–जंगलेश्वर मार्ग के कि.मी. 8/6 पर स्थित जंगलेश्वर नाला पर पुल निर्माण कार्य।	11.04.13	16 माह वर्षाऋतु छोडकर	10.05.15	कार्य अपूर्ण
5.	राजनांदगांव संभाग	03/ डी.एल. 2013–14	पांगरी–देवरी मार्ग शिवनाथ नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	12.04.13	16 माह वर्षाऋतु छोडकर	11.05.15	कार्य अपूर्ण
6.	राजनांदगांव संभाग	13/ डी.एल. 2014–15	जिला दुर्ग में भिलाई नेहरू नगर में कि.मी. 862/9–11 पर रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य।	03.11.14	14 माह वर्षाऋतु छोड़कर	03.12.17	अभी तक मात्र 3 से 4 प्रतिशत कार्य किया गया है।

उपरोक्त कार्यों में से स.क्र. 1 से 5 में दर्शित कार्यों को अनुबंधित कार्यावधि समाप्त होने के बाद भी आपके द्वारा अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है तथा स. क्र. 6 में दर्शित कार्य की प्रगति नगण्य है। जिसके कारण मुख्य अभियंता लो.नि.वि. सेतु परिक्षेत्र, रायपुर द्वारा उनका पंजीयन निलंबित करने की अनुशंसा की गई थी।

तदानुसार इस कार्यालय के ज्ञाप क्र. प्र.अ./41209/सा/2014, दि. 22.09.2015 द्वारा उन्हें कारण बताओ सूचना जारी की गई कि क्यों न उक्त कृत्य हेतु छत्तीसगढ़ शासन, लो.नि.वि., मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 5–8/19/2013/निविदा दिनांक 29.10.2014 द्वारा जारी आदेश की कंडिका 7.2 एवं 8 के तहत् आपके पंजीयन को पदावनत/निलंबित किया जावे ?

उपरोक्त कारण बताओ सूचना का जवाब एक सप्ताह के अंदर मांगा गया। मेसर्स ब्रिजेश अग्रवाल के पत्र दिनांक 28.09.2015 द्वारा कारण बताओ सूचना का उत्तर देने हेतु एक सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा गया। उपरोक्त अवधि व्ययतीत हो जाने के बाद भी उनके द्वारा कोई उत्तर भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।

अतः मेसर्स ब्रिजेश अग्रवाल "ब" वर्ग ठेकेदार, शारदा सदन, गायत्री मंदिर के पीछे, विनोबा नगर, तालापारा रोड, बिलासपुर का पंजीयन छत्तीसगढ़ शासन, लो.नि.वि., मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 5–8/19/2013/निविदा दिनांक 29.10.2014 द्वारा जारी आदेश की कंडिका 8 के तहत् निलंबित किया जाता है।

प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर (छ.ग.)

पृ. क्र. प्र.अ./41209/04/सा./2014, रायपुर, दिनांक 06/10/2015

प्रतिलिपि –

1. **प्रमुख सचिव,** छ.ग. शासन, लो.नि.वि., मंत्रालय, नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. **प्रमुख अभियंता,** जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर
3. **मुख्य कार्यपालन अधिकारी**, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, रायपुर
4. **मुख्य अभियंता,** लोक निर्माण विभाग ..... परिक्षेत्र, ...
5. **अधीक्षण अभियंता,** लोक निर्माण विभाग ..... मण्डल, ...
6. **कार्यपालन अभियंता,** लोक निर्माण विभाग ..... संभाग, ...
7. **आयुक्त,** नगर निगम ..... जिला, ...
8. **C.E.O.** चिप्स स्टेट डाटा सेंटर सिविल लाईन, रायपुर
9. **सर्वर कक्ष प्रभारी,** कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग मण्डल क्र. 2 रायपुर
10. **निविदा प्रकोष्ठ,** कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर
11. मेसर्स ब्रिजेश अग्रवाल "ब" वर्ग ठेकेदार, शारदा सदन, गायत्री मंदिर के पीछे, विनोबा नगर, तालापारा रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

सहपत्र :– शून्य।

प्रमुख अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर (छ.ग.)